<u>प्रेस नोट</u>

<u>जनपद मुजफ्फरनगर</u>

<u>दिनांक 23.09.2024</u>

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 23.09.2024 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त रजनीश पुत्र सुखवीर निवासी ग्राम तुगलकपुर थना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को खाईखेड़ी रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 24 पव्वे अवैध देशी शराब के बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 192/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 23.09.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0न0 श्री शिवदत्त सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त संजीव पुत्र लाला निवासी ग्राम लालूखेड़ी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चैकिंग हासिमपुर मार्ग पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 250 ग्राम अवैध चरस (अनुमानित कीमत करीब 80,000/- रुपये) बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 93/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।